# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–16 फरवरी 2025 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज प्रयागराज महाकुंभ में कुंभ की आस्था और जलवायु परिवर्तन विषयक सम्मेलन का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मनुष्य ही केवल सृष्टि का एक मात्र जीव नही है, जीव जन्तुओं का जीवन चक्र मनुष्य के साथ और मनुष्य का जीवन चक्र उनके साथ जुड़ा हुआ है। उनका अस्तित्व रहेगा तो हमारा भी अस्तित्व रहेगा और यदि उनपर संकट आयेगा तो हमारे अस्तित्व पर भी संकट आयेगा। श्री योगी ने कहा कि हम प्रलय की प्रतीक्षा न करें बल्कि अभी से धरती को हरा–भरा बनायें। उन्होंने कहा कि हम सभी को आस्था के साथ–साथ जलवायु परिवर्तन के कारकों पर भी विचार करते हुए उसके निवारण का उपाय करना होगा।

***उत्तर प्रदेश में पिछले 8 वर्ष के अंदर हमारी सरकार ने 210 करोड़ वृक्षारोपण किया, जिनमें से हमने वन विभाग के द्वारा करवायें उसमें 70 से लेकर 80 फिसदी पौधे सुरक्षित हैं और जो हमने विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से करें उनमें से 60 से 70 फीसदी पौधे सुरक्षित हैं फॉरेस्ट कवर को बढ़ाया गया डीजल से चलने वाली बस के स्थान पर इलेक्ट्रिक बस को प्राथमिकता दी उसके लिए पॉलिसी बनाई उसके लिए अनेक कार्यक्रम बढ़ाएं मर चुकी नदियों को फिर से पुनर्जीवित करने का कार्य किया।***

मुख्यमंत्री ने कहा कि तेरह जनवरी से लेकर सोलह फरवरी के बीच बावन करोड़ श्रद्धालु मां गंगा, यमुना और मां सरस्वती की इस पावन त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। यह तभी सम्भव हो पा रहा है जब मां गंगा, यमुना और मां सरस्वती की कृपा से श्रद्धालुओं को संगम में अविरल जल मिल पा रहा है।

**********

प्रयागराज महाकुंभ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में आज केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सपरिवार त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान कर माँ गंगा, यमुना और सरस्वती का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस पावन अवसर पर उन्होंने कहा कि महाकुंभ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को मूर्त रूप देने वाला अवसर है, जहाँ संपूर्ण देश के लोग एक आस्था और संस्कृति में बंधे होते हैं।

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने भी पवित्र त्रिवेणी में डुबकी लगायी और महाकुंभ दो हजार पच्चीस में शामिल होने को सौभाग्य बताया।

***हम खुद को अत्यन्त पवित्र महसूस कर रहे हैं ये अतयन्त मेरे पूर्वजों की मेरे समाज की, मेरे सनातन सभ्यता की हम सभी के ऊपर इतना कल्याण रहा है। इतना दया रहा है आज मै हमारी परंपरा की अन्नय श्रद्धा की केन्द्र त्रिवेणी संगम में महाकुंभ के दौरान जो एक सौ चौव्वालिस साल के बाद हम लोगों के सौभाग्य में आई न जाने कितने पीढ़ि पहले और कितनी पीढ़ि के बाद हमारी कोई वंशज इस सौभाग्य को प्राप्त करेगा।***

संगम में स्नान के बाद श्री प्रधान ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि महाकुंभ, सनानत सभ्यता, संस्कृति, दर्शन और हमारी शाश्वत परम्पराओं की जीवन्तता का प्रमाण है। एकता के महाकुंभ में अमृत स्नान एक अविस्मरणीय अनुभूति है। वहीं प्रदेश सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री राकेश सचान, उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय और परिवहन राज्य मंत्री दयाशंकर सिंह ने भी त्रिवेणी संगम में डुबकी लगायी।

**********

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर बीती रात हुई भगदड़ की उच्च– स्तरीय जांच शुरू हो गई है। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि इस भगदड़ में अट्ठारह लोगों की मौत हुई है।

**********

केन्द्रीय बजट को लेकर महराजगंज में आज आयोजित हुयी गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि केन्द्र सरकार का आम बजट आम आदमी के जीवन में खुशियां लाने वाला है। इसमें सभी वर्गों के हितों का ख्याल रखा गया है। युवा, महिला, गरीब, किसान सभी को केन्द्र में रखकर बजट में योजनायें लायी गयी हैं। श्री चौधरी ने कहा कि इस बजट में विकसित भारत की गति निर्धारित करने का लक्ष्य रखा गया है।

**********

पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे पर बाराबंकी के पास बस से टक्कर में टैम्पो ट्रैवेलर सवार अयोध्या जा रहे चार श्रद्धालुओं की मौत हो गयी जबकि कुछ अन्य घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिये पुलिस ने स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार के अनुसार छत्तीसगढ़ से अयोध्या जा रही एक बस खराब होने के कारण पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे पर खड़ी थी। आज सुबह महाराष्ट्र से अयोध्या जा रहे टैम्पो ट्रेवलर ने पीछे से बस में टक्कर मार दी, जिससे टैम्पो ट्रेवेलर सवार चार श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गयी।

**********

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास प्रोत्साहन योजना में श्रावस्ती जिले को प्रदेश में पहला स्थान मिला है। श्रावस्ती के जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने आज मीडिया से यह उपलब्धि साझा करते हुए जिले के सभी नागरिकों और अधिकारियों को बधाई दी है।

**********